Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 28 ◘ अंक- 249 ◘ रायपुर, शुक्रवार 3 अक्टूबर 2025 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## रायपुर के डब्लूआरएस मैदान में 101 फीट का रावण रहा आकर्षण का केन्द्र

# शानदार आतिशबाजियों के बीच हुआ रावण दहन



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर का ऐतिहासिक डब्लूआरएस मैदान इस बार भी विजयादशमी के पर्व पर भव्य दशहरा उत्सव का गवाह बना। परंपरा के अनुसार पिछले 55 वर्षों से यहां रावण दहन का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष मैदान में 101 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। इसके साथ ही 81-81 फीट ऊंचे कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले भी अग्नि के हवाले किए गए। कार्यक्रम में राज्यपाल और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। रावण दहन के साथ ही आकाश में गूंजती शानदार आतिशबाज़ी ने उत्सव को और आकर्षक बना दिया। मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान अपने सम्बोधन में कहा कि डब्लूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। यह उत्सव हमें हर साल यह संदेश देता है कि बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, अंततः जीत अच्छाई और सत्य की ही होती है। सत्य परेशान हो सकता है, परास्त नहीं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष हम रावण के पुतले को जलाते हैं, लेकिन असली रावण हमारे भीतर छिपा होता है- लोभ, क्रोध, मोह और अहंकार के रूप में। हमें इस पावन अवसर पर प्रण लेना चाहिए कि इन बुराइयों को त्यागकर समाज और राष्ट्र के कल्याण की ओर आगे बढ़ेंगे।

रायपुर के ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान में शानदार आतिशबाजियों के बीच हुआ रावण दहन। दुधाधारी मठ से भगवान बालाजी की पालकी रावणभाषा मैदान में आई फिर दहन का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। यहां पर अखाड़ा का भी प्रदर्शन हुआ

### राज्यपाल का संदेश: रावण की हार का कारण उसका अहंकार था

राज्यपाल ने दशहरा उत्सव पर सभी नागरिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं 35 साल बाद आज दशहरा देख रहा हूं। रावण की हार का कारण उसका अहंकार था। यह हमें सीख देता है कि क्रोध, मोह और लोभ जैसे दोषों को हमें जीवन से दूर करना होगा। जब हम अच्छाई के साथ खड़े होंगे, नारी का सम्मान करेंगे और अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचेगा, तभी सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना होगी। डब्लूआरएस मैदान में दशहरा उत्सव न केवल राजधानी रायपुर बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए आस्था और आकर्षण का केंद्र है। यहां दशहरा पर्व को पिछले 50 साल से भी अधिक समय से लगातार भव्यता और परंपरा के साथ मनाया जा रहा है। इस वर्ष का आयोजन विशालकाय पुतलों, आतिशबाज़ी और हज़ारों दर्शकों की उपस्थिति से ऐतिहासिक बन गया।

### राज्यपाल ने विजयादशमी पर राजभवन में शस्त्र पूजन और हवन किया

राज्यपाल रमेन डेका एवं राज्य की प्रथम



महिला श्रीमती रानी डेका काकोटी आज विजयादशमी के अवसर पर राजभवन में आयोजित शस्त्र पूजन और हवन में शामिल हुए। उन्होंने इस अवसर पर देश एवं प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। राजभवन परिसर में विधिवत् शस्त्र पूजा की गई। राज्यपाल ने राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विजयादशमी और दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

### ग्रीन आर्मी ने पॉलिथिन रूपी रावण का दहन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



ग्रीन आर्मी द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता की दिशा में लगातार छठे वर्ष पॉलिथिन रूपी रावण दहन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ दुर्गा की आरती एवं पूजन से हुई। तत्पश्चात ब्राह्मण पारा चौक से निकली भव्य जनजागरण रैली सत्ती बाजार, फव्वारा चौक, बजरंग मंदिर होते हुए कंकाली मंदिर पहुँची। कंकाली माता मंदिर दर्शन के पश्चात कंकाली माता शस्त्रागार (जो वर्ष में केवल दशहरा के अवसर पर खुलता है) में शस्त्र पूजन किया गया। तत्पश्चात रैली आज़ाद चौक पहुँची। रैली मार्ग पर लगाये गए आकर्षक बैनर, पोस्टर और होर्डिंग्स ने जनता का ध्यान खींचा। रैली के दौरान लोगों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश साझा किया। नारे पॉलीथिन जहर है, गौ माता पर कहर है और प्रकृति के दुश्मन तीन- पाउच, पन्नी, पॉलीथिन पूरे मार्ग में गूंजते रहे और लोगों का ध्यान आकर्षण का केंद्र बने। आज़ाद चौक में पॉलिथिन रूपी रावण दहन का आयोजन हुआ, जो पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बन गया। इस अवसर पर ग्रीन आर्मी के पदाधिकारी, सदस्य, पर्यावरण प्रेमी तथा दिशा कॉलेज रामनगर, कोटा के विद्यार्थी शामिल हुए। लगभग 100 लोग इस अभियान का हिस्सा बने और उत्साहपूर्वक रैली में भाग लिया।

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा पॉलिथिन हमारे पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा है। इसके उपयोग से मिट्टी, जल और हवा प्रदूषित हो रही हैं, और कैंसर, चर्म रोग और कई अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। हमें इसे तुरंत बंद करके स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करना होगा ।रायपुर जिला अध्यक्ष गुरदीप टुटेजा ने कहा क्ल हमें पॉलिथिन के कारण होने वाले स्वास्थ्य और पर्यावरणीय खतरे को समझते हुए तुरंत कपड़े और कागज के थैले अपनाने चाहिए। यह हमारे और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का जरुरी कदम है।

## देवभोग के 36 गांव का ब्लॉक मुख्यालय से टूटा संपर्क



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अधिकतर हिस्सों में झमाझम बारिश का सिलसिला जारी है. मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना जताई है. बीते कुछ दिनों से हो रही बारिश से कई इलाकों में नदी-नाले फिर से उफान पर आ गए हैं. कहीं 36 गांवों का ब्लॉक मुख्यालय से संपर्क टूट गया है, तो कहीं बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. इधर फसलों को लेकर किसानों की भी टेंशन बढ़ गई है.

**■ कहीं बाढ़ जैसे हालात, तो कहीं किसानों की बढ़ी टेंशन**

गरियाबंद जिले में मानसूनी गतिविधि का असर देखने को मिला है. लगातार हो रही बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं. बेलाट नाले का जल स्तर बढ़ गया है. इसके कारण देवभोग के झाखरपारा क्षेत्र के 36 गांव का सम्पर्क ब्लॉक मुख्यालय से टूट गया है. इसके अलावा तहसील मुख्यालय अमलीपदर का सुख तेल नदी में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं. वहीं देर रात बिजली के पोल टूटने से 100 गांव में ब्लेक आउट की स्थिति निर्मित हो गई.

तहसीलदार देवभोग अजय चंद्रवंशी ने बताया कि जिले में गुरुवार को 7 तहसीलों में 471 मिमी बारिश हो गई. आज दूसरे दिन भी बारिश जारी है. सबसे ज्यादा अमलीपदर तहसील में 101 मिमी बारिश दर्ज हुई है. बारिश के बार नदी नाला में निर्मित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन एलर्ट मोड पर है. देवभोग के बेलाट नाला पर तहसीलदार अमले के साथ पहुंच रस्सी से बेरिकेटिंग कर दिया है, ताकि कोई आवाजाही न कर सके.

## कोरबा कलेक्टर पर ननकी राम कंवर के आरोपों की बिलासपुर कमिश्नर की जांच, सरकार ने मांगी रिपोर्ट



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कंवर की शिकायत पर कोरबा कलेक्टर के खिलाफ बिलासपुर कमिश्नर से जांच प्रतिवेदन मांगा गया है। बताया जा रहा है कि कमिश्नर धरने के अल्टीमेटम के एक दिन पहले अपना प्रतिवेदन दे सकते हैं।

वरिष्ठ आदिवासी नेता और प्रदेश के पूर्व गृह तथा वन मंत्री कंवर ने कोरबा कलेक्टर अजीत बंसत के खिलाफ 14 बिन्दुओं पर आरोप लगाए हैं। वो उन्हें हटाने की मांग पर अड़े हुए हैं। इस बीच उन्होंने 4 अक्टूबर को सीएम हाऊस के सामने धरने पर बैठने का ऐलान कर दिया है। सीएम विष्णु देव साय ने कंवर के आरोपों की जांच कराने की बात कही थी और इस पर कमिश्नर सुनील जैन से जांच प्रतिवेदन मांगा है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। सूत्र बताते हैं की सीएम साय खुद इस मुद्दे पर ननकी राम कंवर से चर्चा करेंगे।

## बस्तर दशहरे की सबसे अहम रस्म भीतर रैनी पूरी की गई

**बस्तर दशहरा में देवी-देवताओं का होगा रिकॉर्ड जमावड़ा**

जगदलपुर, 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। बस्तर दशहरे की सबसे अहम रस्म भीतर रैनी गुरुवार देर रात पूरी की गई. किलेपाल परगना के 32 गांवों के दो हजार से अधिक ग्रामीण आधी रात को राजमहल परिसर से विजय रथ चोरी कर कुम्हड़ाकोट के जंगलों में ले गए. इस दौरान आंगादेव समेत सैकड़ों देवी-देवताओं के विग्रह भी साथ रहे.

परंपरा के तहत रथ की चोरी से पहले दंतेश्वरी मंदिर से सिरहासार भवन तक परिक्रमा कराई गई, जिसमें पुजारी देवी छत्र और खड्ग के साथ सवार रहे. ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के बीच रथ यात्रा निकली और मंदिर परिसर में पूजन के बाद भीतर रैनी विधान संपन्न हुआ. इस बार रथ की मरम्मत उमरगांव के ग्रामीणों ने की थी, क्योंकि फूल रथ परिक्रमा के दौरान एक्सल टूट गया था. परंपरा के अनुसार भीतर रैनी में रथ चोरी कर छिपाना बस्तर दशहरे का अहम विधान है. जगदलपुर। 75 दिन चलने वाले बस्तर दशहरे में इस बार रिकॉर्ड 1700 देवी-देवताओं के आने का अनुमान है. 20 साल पहले जहां महज 500 देवगुड़ियां पहुंचती थीं, वहीं 2024 में इनकी संख्या 1500 हो चुकी थी. इस बार अतिरिक्त 200 देवी-देवता शामिल हो रहे हैं. राजस्व विभाग और दशहरा समिति का कहना है कि अब गांव की कुलदेवी और स्थानीय देवी-देवताओं को भी आमंत्रित किया जा रहा है. खास बात यह है कि देवी-देवताओं और उनके पुजारियों के लिए सरकार मुफ्त राशन उपलब्ध कराती है. दसरहा पसरा में कतार लगाकर देवगुड़ियां चावल, दाल, तेल, नमक और मिर्च लेती हैं. भंडारीन देवी की देखरेख में 30 साल से कोठी कभी खाली नहीं हुई. बड़े देवी-देवताओं को 10 किलो चावल तो छोटे देवी-देवताओं को 2 किलो चावल मिलता है. बस्तर दशहरे की यह अनूठी व्यवस्था दुनिया में अद्वितीय मानी जाती है.

## ब्रेकिंग न्यूज

### वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से 4 की मौत, कई घायल

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। बिहार के पूर्णिया में शुक्रवार को वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, घायलों को इलाज के लिए जीएमसी भेज दिया गया है। रेलवे पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जाँच शुरू कर दी है ।दुर्घटना का सही कारण अभी पता नहीं चल पाया है। जोगबनी से पाटलिपुत्र जाने वाली वंदे भारत ट्रेन सुबह लगभग 5ः00 बजे कस्बे के पास से गुज़र रही थी, जब यह दुर्घटना हुई।

### बम धमाके में 9 लोगों की गई जान

**नई दिल्ली,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान के पेशावर शहर में गुरुवार को एक भीषण बम धमाका हुआ है जिसने पूरे इलाके को दहला दिया है। इस आतंकी घटना में कम से कम 9 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है जबकि 4 लोग घायल बताए जा रहे हैं जिनमें अधिकांश कानून प्रवर्तन अधिकारी शामिल हैं। यह विस्फोट तब हुआ जब सुरक्षा बलों को निशाना बनाकर सड़क पर एक उपकरण लगाया गया था। पुलिस अधिकारी मियां सईद ने बताया कि यह विस्फोट विशेष रूप से पुलिस और सुरक्षाबलों के अधिकारियों को निशाना बनाने के लिए कैपिटल सिटी में किया गया था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जिस विस्फोटक उपकरण का उपयोग किया गया था वह पुलिस वैन के रास्ते में लगाया गया था।

## सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, एक नक्सली ढेर

**बीजापुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच गंगालूर थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में जवानों एक नक्सली को मार गिराया है। साथ ही हथियार और विस्फोटक सामग्री भी मिली है। फिलहाल क्षेत्र में रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। जानकारी के अनुसार, माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षा बलों ने सुबह गंगालूर इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान सुबह 11.00 बजे से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर फायरिंग जारी है। अब तक सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ स्थल से 01 माओवादी का शव, हथियार, विस्फोटक सामग्री और माओवादी सामग्री मौके से बरामद हुई है।

**रुक-रुक कर गोलीबारी जारी**

अधिकारियों का कहना है कि अभी ऑपरेशन जारी है, इसलिए मुठभेड़ की सटीक जगह और इसमें शामिल जवानों की संख्या जैसी संवेदनशील जानकारी साझा नहीं की जा सकती। ऑपरेशन पूर्ण होने के पश्चात विस्तृत रिपोर्ट अलग से साझा की जाएगी।

## प्रदेश के 7 जिलों में खुलेंगे नए केन्द्रीय विद्यालय




**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर प्रदेश के 7 नए जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोले जाएंगे. लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी से केन्द्रीय विद्यालय खोलने के संबंध में अभिमत सहित प्रस्ताव शीघ्र भेजने कहा है. वहीं प्रदेश के स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में बदलने की भी कवायद शिक्षा विभाग ने शुरू कर दी है. सर्वप्रथम केन्द्रीय विद्यालय 7 नए जिलों बालोद, बलौदाबाजार, बलरामपुर, गरियाबंद, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सारंगढ़-बिलाईगढ़ तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में खोले जाएंगे. लोक शिक्षण संचालनालय ने इन जिलों के कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर केन्द्रीय विद्यालय खोने जाने के संबंध में समस्त नियमों-निर्देशों के अनुसार पूर्ण प्रस्तार तैयार कर शीघ्र संचालनालय को भेजने कहा है. (छत्तीसगढ़ के 7 जिलों में खुलेंगे नई केंद्रीय विद्यालय)

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने पिछले दिनों विभाग की समीक्षा बैठक लेकर शिक्षा व्यवस्था एवं गुणवत्ता में व्यापक सुधार के निर्देश दिए थे. साथ ही विभिन्न योजनाओं पर काम करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देशित किया था. इसी कड़ी में शिक्षा मंत्री ने जिलों में केन्द्रीय एवं नवोदय विद्यालय खोलने की बात कही थी. शिक्षा मंत्री के निर्देश और पहल के बाद शिक्षा विभाग ने केन्द्रीय विद्यालय खोलने की तैयारी शुरू कर दी है. प्रस्ताव के आधार पर राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय मानव संसाधन मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर संबंधित जिलों में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी. बताते हैं कि केन्द्रीय विद्यालय के अलावा कुछ जिलों में नवोदय विद्यालय खोलने पर भी विचार किया जा रहा है ताकि प्रदेश के बच्चों को बेहतर स्कूल शिक्षा प्राप्त हो सके.

## माता की प्रतिमा विसर्जन करने के दौरान नदी में गिरा ट्रैक्टर, 9 की मौत



**भोपाल,** 3 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। दशहरे के दिन खंडवा से एक बहुत बड़ा दर्दनाक हादसा हुआ है। खंडवा में ट्रेक्टर ट्राली के नदी में गिरने से कई लोगों की मौत हो गई। अब तक 9 लोगों के शव निकाले जा रहे हैं और बाकियों की तलाश जारी है। जानकारी के मुताबिक नवरात्र उत्सव के बाद माता की प्रतिमा विसर्जन करने के लिए नदी पर जाते हुए पुलिया पार करते ये दुखद हादसा हुआ।

ये घटना पंधाना थाना क्षेत्र के जली गांव की है। मौके पर तलाशी अभियान चल रहा है और कलेक्टर के साथ ही प्रशासनिक अमला मौके पर मौजूद है। इस हृदय विदारक हादसे के बाद इलाके में मातम का माहौल है और उत्सव भी चीख-पुकार में बदल गया है

## 14 साल के वैभव सूर्यवंशी का अंडर-19 टीम ने ऑस्ट्रेलिया को पारी से चटाई धूल



**ब्रिसबेन**-14 साल के वैभव सूर्यवंशी के ऐतिहासिक और युवाओं के टेस्ट क्रिकेट में चौथे सबसे तेज़ शतक (113 रन, 78 गेंदों में) की बदौलत भारत की अंडर-19 टीम ने ब्रिसबेन में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से हराकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली। इस प्रभावशाली जीत में वेदांत त्रिवेदी (140 रन) और गेंदबाज़ी में दीपेश देवेंद्रन (कुल 8 विकेट) का भी अहम योगदान रहा, जो भारतीय युवा टीम की गहराई को दर्शाता है। भारत की अंडर-19 टीम ने ब्रिसबेन में खेले गए पहले यूथ टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 58 रनों से मात देकर श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। यह जीत बेहद प्रभावशाली रही, जिसमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला।ऑस्ट्रेलियाई टीम अपनी दूसरी पारी आठ रन पर एक विकेट खोकर शुरू करने उतरी थी, लेकिन पूरी टीम 49.3 ओवर में सिर्फ 127 रन पर सिमट गई। भारत को केवल एक ही पारी खेलने की ज़रूरत पड़ी, जिसमें वैभव सूर्यवंशी और वेदांत त्रिवेदी की शानदार पारियों ने मैच का रुख भारत की ओर मोड़ दिया। सिर्फ 14 साल के सूर्यवंशी ने 113 रन की तूफानी पारी खेली। उन्होंने 86 गेंदों पर नौ चौके और आठ छक्के जड़े और महज 78 गेंदों में शतक पूरा किया। यह युवाओं के टेस्ट क्रिकेट इतिहास में चौथा सबसे तेज़ शतक रहा। सूर्यवंशी अब उस विशेष सूची में शामिल हो गए हैं, जिसमें 100 गेंदों से कम में शतक बनाने वाले ब्रेंडन मैकुलम जैसे दिग्गज शामिल रहे हैं।

## आज आएंगे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह,कल बस्तर दशहरा में होंगे शामिल



**रायपुर,** 3 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज 2 दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रहे है। आज रात वे राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद शनिवार (4 अक्टूबर) को वे बस्तर दशहरा में शामिल होंगे। उनके आगमन को लेकर प्रदेश बीजेपी के नेताओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। आधिकारिक स्तर पर तैयारी की समीक्षा भी आला अधिकारियों ने की हैं क्योंकि वे नक्सल उन्मूलन को लेकर बड़ी बैठक भी करेंगे। गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार रात 8.10 बजे रायपुर पहुंचेंगे। यहां वे नया रायपुर में रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद शनिवार को दोपहर 12 बजे वे विशेष विमान से जगदलपुर के लिए रवाना होंगे। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जगदलपुर में दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। दंतेश्वरी मंदिर में पूजा के बाद बस्तर दशहरा की ऐतिहासिक परंपरा मुरिया दरबार में शामिल होंगे जो आदिवासी सांस्कृतिक विरासत का एक प्रमुख आयोजन माना जाता है। इस दौरान गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी मौजूद रहेंगे।

**नक्सल उन्मूलन की समीक्षा भी करेंगे**




चूहा- सुनती हो, भारत में अरबपति की संख्या बढ़ती ही जा रही है..!

चुहिया- हां जी, भ्रष्टाचार भी तो ज्यादा बढ़ रहा है..!